नाशिक | Friday, 25 September 2026

# लगातार हो रही छंटनी के बीच IT प्रोफेशनल्स के लिए खुशखबरी, Cognizant देगी 8000 नौकरियां।

Publisher

Published on 26 Jun 2025




## Cognizant ने विशाखापट्टनम मे 1500 करोड़ का निवेश करने का किया ऐलान, 22 एकड़ मे बंनेगा नया कैपंस।

**नई दिल्ली, 27 जून 2025: आईटी सेक्टर** में छंटनी की खबरों के बीच **IT प्रोफेशनल्स** के लिए एक राहत भरी खबर आई है। अमेरिका की दिग्गज आईटी कंपनी **Cognizant** ने भारत में बड़ा निवेश करने की घोषणा की है। कंपनी ने आंध्र प्रदेश के **Kapuluppada IT Hills**, **विशाखापट्टनम** में नया कैंपस बनाने के लिए **1500 करोड़ रुपये** का निवेश करने का फैसला किया है। इस निवेश से **8000 नई नौकरियों** के अवसर तैयार होंगे।

**कहां बनेगा नया IT हब ?**

**Cognizant** का **नया कैपंस 22 एकड़** में फैला होगा और इसे तीन चरणों में विकसित किया जाएगा।
राज्य के **आईटी मंत्री नारा लोकेश** ने इस प्रोजेक्ट को हरी झंडी देते हुए कहा कि यह कदम **आंध्र प्रदेश** को एक **ग्लोबल टेक्नोलॉजी डेस्टिनेशन** बनाने में मदद करेगा। इस कैंपस के माध्यम से छोटे शहरों में **डिजिटल स्किलिंग** को भी बढ़ावा मिलेगा।

**कब शुरू होगा काम ?**

**Cognizant** ने जानकारी दी है कि **2026 की शुरुआत से कंपनी एक अस्थायी फैसिलिटी** से काम शुरू करेगी, जिसमें करीब **800 कर्मचारी नियुक्त** किए जाएंगे।
**स्थायी कैपंस का Phase-1 साल 2029** की शुरुआत तक तैयार कर लिया जाएगा।

**क्यों चुना गया विशाखापट्टनम ?**

**Cognizant के CEO एस. रवि कुमार** ने कहा कि, “विशाखापट्टनम की प्रतिभा, मजबूत इन्फ्रास्ट्रक्चर और राज्य सरकार का समर्थन इसे आदर्श स्थान बनाते हैं।”

कंपनी ने यह भी बताया कि **आंध्र प्रदेश मे IT** और **ITES का मजबूत इकोसिस्टम** है, जो कंपनी की **डिजिटल इनोवेशन** और **ग्रोथ** को गति देगा।

भारत है **Cognizant** की रीढ़

**Cognizant** के कुल **3,36,300 कर्मचारियों मे से 70% से अधिक भारत** में कार्यरत हैं। यह नया कैंपस न सिर्फ कंपनी के विस्तार का प्रतीक है, बल्कि यह भारत के **डिजिटल भविष्य की दिशा मे एंक मजबूत** कदम भी है।

यह प्रोजेक्ट सिर्फ एक **टेक्नोलॉजी पार्क** नहीं है, बल्कि यह **क्षेत्रीय विकास, स्थानीय रोजगार** और **डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन** की नई लहर लाएगा।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.